# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

## कार्य परिषद की बैठक दिनांक 27.06.2026 का कार्यवृत्त

कार्य परिषद की बैठक दिनांक 11.06.2026 को अपराह्न 03:00 बजे राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, पलवल रोड़ लोधा, अलीगढ़ के प्रशासनिक भवन के मीटिंग हॉल में आहूत की गयी, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुएः—

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | प्रो0 एन0बी0 सिंह | कुलपति, राजा महेन्द प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ | अध्यक्ष |
| 02 | श्री अनिल कुमार ओझा | मा0 न्यायमूर्ति (से0नि0) 3/498, विकल्प खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ **(ऑनलाइन)** **(मा0 कुलाधिपति महोदया द्वारा नामित सदस्य)** | सदस्य |
| 03 | प्रो0 (डा0) हरी शंकर सिंह | विद्या विहार, रायबरेली रोड़, लखनऊ **(ऑनलाइन)** **(मा0 कुलाधिपति महोदया द्वारा नामित सदस्य)** | सदस्य |
| 04 | डा0 एच0एन0 सिंह | पूर्व सह आचार्य, समाज शास्त्र, धर्म समाज कॉलेज, अलीगढ़ **(मा0 कुलाधिपति महोदया द्वारा नामित सदस्य)** | सदस्य |
| 05 | प्रो0 शिव प्रसाद शुक्ला | निदेशक, राजकीय प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, अटारा, बांदा **(ऑनलाइन)** **(मा0 कुलाधिपति महोदया द्वारा नामित सदस्य)** | सदस्य |
| 06 | प्रो0 कृष्णा अग्रवाल | संकायाध्यक्ष, कला संकाय, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ | सदस्य |
| 07 | प्रो0 रानू शर्मा | प्राचार्या, श्रीमती शारदा जौहारी कन्या महाविद्यालय, कासगंज | सदस्य |
| 08 | प्रो0 सुभाष | संकायाध्यक्ष, विज्ञान संकाय, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ | सदस्य |
| 09 | प्रो0 शेखर शर्मा | प्राचार्य, गंजडुण्डवारा कालेज गंजडुण्डवारा कासगज | सदस्य |
| 10 | प्रो0 अंजना कुमारी | संकायाध्यक्ष, शिक्षक शिक्षा संकाय, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ | सदस्य |
| 11 | प्रो0 महावीर सिंह छोंकर | प्राचार्य, पी0सी0 बागला कालेज, हाथरस **(आनलाइन)** | सदस्य |
| 12 | प्रो0 सुषमा यादव | प्राचार्य, (कार्यवाहक), एस0आर0 डी0ए0 कन्या डिग्री कालेज, हाथरस | सदस्य |
| 13 | प्रो0 राजेश कुमार | इतिहास विभाग, डी0एस0 कालेज, अलीगढ़ **(आनलाइन)** | सदस्य |
| 14 | प्रो0 संजीव वार्ष्णेय | क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, अलीगढ़ **(आनलाइन)** | सदस्य |
| 15 | प्रो0 पंकज कुमार वार्ष्णेय | पूर्व संकायाध्यक्ष, वाणिज्य संकाय, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ | **विशेष आमंत्रित सदस्य** |
| 16 | श्री निजिलिंगप्पा | वित्त अधिकारी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ | **विशेष आमंत्रित सदस्य** |
| 17 | श्री धीरेन्द्र कुमार | परीक्षा नियंत्रक, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ | **विशेष आमंत्रित सदस्य** |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 18 | श्री प्रबुद्ध सिंह | कुलसचिव, राजा महेन्द प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ | सचिव |

सर्वप्रथम कुलसचिव द्वारा बैठक में उपस्थित सभी मा0 कार्य परिषद सदस्यों का स्वागत किया गया, तदोपरान्त अध्यक्ष की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

| | |
|---|---|
| मद संख्या– 12.01 | कार्य परिषद की बैठक दिनांक 25.03.2026 एवं आकस्मिक बैठक दिनांक 07.04.2026, 25.04.2026, 29.04.2026, 10.05.2026, 20.05.2026 तथा 11.06.2026 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि। |
| निर्णय | कार्य परिषद द्वारा बैठक दिनांक 25.03.2026 एवं आकस्मिक बैठक दिनांक 07.04.2026, 25.04.2026, 29.04.2026, 10.05.2026, 20.05.2026 तथा 11.06.2026 के कार्यवृत्त को सर्वसम्मति से सम्पुष्टि प्रदान की गयी। |
| मद संख्या– 12.02 | कार्य परिषद की बैठक दिनांक 25.03.2026 एवं आकस्मिक बैठक दिनांक 07.04.2026, 25.04.2026, 29.04.2026, 10.05.2026, 20.05.2026 तथा 11.06.2026 के निर्णय पर कृत कार्यवाही की आख्या का संसूचन एवं अनुमोदन। |
| निर्णय | कार्य परिषद की बैठक दिनांक 25.03.2026 एवं आकस्मिक बैठक दिनांक 07.04.2026, 25.04.2026, 29.04.2026, 10.05.2026, 20.05.2026 तथा 11.06.2026 में लिये गये निर्णय एवं कृत कार्यवाही से अवगत होते हुए सर्वसम्मति से सम्पुष्टि प्रदान की गयी। |
| मद संख्या– 12.03 | वित्त समिति की बैठक दिनांक 24.06.2026 के कार्यवृत्त के अनुमोदन पर विचार। |
| निर्णय | कार्य परिषद द्वारा वित्त समिति की बैठक दिनांक 24.06.2026 के कार्यवृत्त पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| मद संख्या– 12.04 | विद्या परिषद की बैठक दिनांक 25.06.2026 के कार्यवृत्त के अनुमोदन पर विचार। |
| निर्णय | कार्य परिषद द्वारा विद्या परिषद की बैठक दिनांक 25.06.2026 के कार्यवृत्त पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| मद संख्या– 12.05 | परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 25.06.2026, 08.06.2026 एवं 15.05.2026 के कार्यवृत्त के अनुमोदन पर विचार। |
| निर्णय | कार्य परिषद द्वारा सर्वसम्मति से परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 25.06.2026, 08.06.2026 एवं 15.05.2026 के कार्यवृत्त पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| मद संख्या– 12.06 | विश्वविद्यालय से सम्बद्ध अनुदानित महाविद्यालयों में कार्यरत प्राचार्य एवं शिक्षकों की वरिष्ठता निर्धारण के सम्बन्ध में समिति द्वारा प्रेषित वरिष्ठता सूची के अनुमोदन पर विचार। |
| निर्णय | मा0 कार्य परिषद विश्वविद्यालय से सम्बद्ध अनुदानित महाविद्यालयों में कार्यरत प्राचार्य एवं शिक्षकों की वरिष्ठता निर्धारण के सम्बन्ध में समिति की आख्या से संसूचित हुई। इस सम्बन्ध में उपस्थित आन्तरिक सदस्यों द्वारा प्राचार्य एवं शिक्षकों की सम्मिलित सूची तथा अन्तिम सूची पर आपत्ति की गई। मा0 कार्य परिषद द्वारा विचार विमर्श के उपरान्त निर्देश दिये गये कि प्राचार्य एवं शिक्षकों की वरिष्ठता सूची पृथक–पृथक बनाये जाने के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय अधिनियम में दी गई व्यवस्था तथा अन्य विश्वविद्यालयों में अपनायी जा रही प्रक्रिया का अध्ययन कर वरिष्ठता सूची को अन्तिम रूप देने हेतु एक समिति |



Scanned with OKEN Scanner

| | |
|---|---|
| | गठित कर एवं तैयार की गई सूची पर आपत्ति प्राप्त कर अन्तिम रूप से तैयार की गई सूची को कार्य परिषद के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जाये। साथ ही कुलसचिव द्वारा कार्य परिषद को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय अधिनियम में दी गयी व्यवस्था अनुरूप सदस्यों का कार्यकाल निर्धारित है। परन्तु वरिष्ठता सूची अन्तिम रूप से तैयार न होने के कारण सदस्यों का पुर्ननामांकन का कार्य विगत समय से नही हो पाया है। नामांकन के लिए चक्रानुक्रम की व्यवस्था दी हुई है और अधिकतर सदस्यों का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है। ऐसी स्थिति में चक्रानुक्रमानुसार सदस्यों का नामांकन किया जाना अति आवश्यक है। मा0 कार्य परिषद द्वारा व्यापक चर्चा के बाद निर्देशित किया गया कि पूर्व में जिस आधार पर विभिन्न सदस्यों का कार्य परिषद, विद्या परिषद आदि में सदस्य नामित किया गया उसी आधार पर अथवा पूर्व में जारी कोई वरिष्ठता सूची उपलब्ध हो तो चक्रानुक्रमानुसार सदस्यों का नामांकन कराया जाये। |
| मद संख्या–12.07 | प्रो0 अनिल कुमार वार्ष्णेय की वरिष्ठता निस्तारण के सम्बन्ध में गठित समिति की आख्या की संस्तुति पर विचार। |
| निर्णय | प्रो0 अनिल कुमार वार्ष्णेय की वरिष्ठता निस्तारण के सम्बन्ध में गठित समिति की आख्या एवं मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में योजित याचिका सं0 6813/2026 में पारित आदेश दिनांक 06 मई, 2026 से कुलसचिव द्वारा मा0 कार्य परिषद को अवगत कराया गया, मा0 कार्य परिषद उक्त से संसूचित हुई तथा सर्व सम्मति से समिति के अभिमत/संस्तुति के आलोक में प्रो0 अनिल कुमार वार्ष्णेय, श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय, अलीगढ़ को प्रो0 नीता, श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय, अलीगढ़ से वरिष्ठ होने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| मद संख्या–12.08 | विश्वविद्यालय संचालन हेतु बनाये गयी पोलिसियों के अनुमोदन पर विचार। |
| निर्णय | मा0 कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय संचालन हेतु बनाये गयी 28 पोलिसियों पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| मद संख्या–12.09 | शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए प्रवेश समिति की संस्तुतियों के अनुमोदन पर विचार। |
| निर्णय | मा0 कार्य परिषद द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए प्रवेश समिति की संस्तुतियों पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| मद संख्या–12.10 | विश्वविद्यालय में स्वामी हरिदास शोध पीठ की स्थापना किये जाने पर विचार। |
| निर्णय | कार्य परिषद विश्वविद्यालय में स्वामी हरिदास शोध पीठ की स्थापना सम्बन्धी प्रस्ताव से अवगत हुई तथा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही यह भी निर्देश दिये गये कि शोध पीठ की स्थापना हेतु रू0 25 लाख का प्रस्ताव शासन को भी भेजा जाये। |
| मद संख्या–12.11 | एन0ई0पी0 2020 के अन्तर्गत भारतीय ज्ञान प्रणाली केन्द्र की स्थापना किये जाने पर विचार। |
| निर्णय | कार्य परिषद विश्वविद्यालय में एन0ई0पी0 2020 के अन्तर्गत भारतीय ज्ञान प्रणाली केन्द्र की स्थापना किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव से अवगत हुई तथा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| मद संख्या–12.12 | विश्वविद्यालय परिसर में कौशल विकास कार्यक्रम संचालन हेतु **Center of Skill Development & Entrepreneurship** की स्थापना किये जाने पर विचार। |



Scanned with OKEN Scanner

| | |
|---|---|
| निर्णय | राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ में विश्वविद्यालय परिसर में कौशल विकास कार्यक्रम संचालन हेतु Center of Skill Development & Entrepreneurship की स्थापना से कार्य परिषद संसूचित हुई तथा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| मद संख्या–12.13 | विश्वविद्यालय का पठन–पाठन एवं परीक्षा का अलग से संचालन किये जाने पर विचार। |
| निर्णय | कार्य परिषद द्वारा अन्य राज्य विश्वविद्यालयों की भॉंति विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में शैक्षणिक कार्य अलग–अलग किये जाने पर सहमति प्रदान की गयी तथा सत्र 2026–27 से शैक्षणिक कार्य अलग करने एवं वर्तमान में संचालित पाठ्यक्रम (Syllabus) ऑर्डिनेंस के अनुरूप कार्य किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया। यह भी निर्देश दिये कि आगामी सत्र 2027–28 के लिए समस्त औपचारिकतायें पूर्ण कर आवश्यक अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा। |
| मद संख्या–12.14 | अतिथि प्रवक्ताओं को पुनः आबद्ध किये जाने पर विचार। |
| निर्णय | मा0 कार्य परिषद द्वारा अतिथि प्रवक्ताओं को पुनः आबद्ध किये जाने पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि नैक (NAAC) एवं अन्य शैक्षणिक रैंकिंग मानकों के अनुरूप, शिक्षकों को शिक्षण कार्य, अनुसंधान, मूल्यांकन और NIRF से सम्बन्धित दस्तावेजीकरण का कार्य सौंपे जाने के दृष्टिगत अतिथि प्रवक्ताओं को उनके आचरण एवं कार्य के संतोषजनक पाये जाने की दशा में कुल 11 माह अथवा नियमित नियुक्ति होने तक, जो भी पूर्व में हो, तक अल्पावधिक समय के लिए कॉन्ट्रैक्ट पर आबद्ध किया जाए। जिसके लिए कुल रू0 30000/– प्रति माह का भुगतान किया जायेगा। साथ ही समस्त शिक्षकों से इस आशय का अल्पावधिक कॉन्ट्रैक्ट किया जायेगा कि वे विश्वविद्यालय में पूर्ण कालिक रूप से उपस्थित रहकर निष्ठापूर्वक कार्य करेंगे। |
| मद संख्या–12.15 | विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट सेल की स्थापना किये जाने पर विचार। |
| निर्णय | मा0 कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट सेल की स्थापना से संसूचित हुई तथा सर्व सम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| मद संख्या–12.16 | RMPU Incubation Foundation की स्थापना एवं धारा 8 की कम्पनी का रजिस्ट्रेशन किये जाने पर विचार। |
| निर्णय | विश्वविद्यालय में RMPU Incubation Foundation एवं धारा 8 के अन्तर्गत कम्पनी का रजिस्ट्रेशन कराये जाने से अवगत कराया गया जिस पर समिति द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया एवं अनुमोदन प्रदान किया गया। |

अन्त में मा0 कुलपति जी की अनुमति से कुलसचिव द्वारा समिति सदस्यों को बैठक में प्रतिभाग करने हेतु धन्यवाद देते हुए बैठक समाप्त की गयी।

27-6-26

(प्रबुद्ध सिंह)
कुलसचिव

(प्रो0 एन0बी0 सिंह)
कुलपति



Scanned with OKEN Scanner